तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 24 अप्रैल 2026



11 अनिश्चितकालीन हड़ताल पर प्रबंधक तेंदूपत्ता व्यवस्था ...





12 एनएमडीसी न केवल एक प्रमुख खनन कंपनी ...






## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का गठन

**जगदलपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश के परिपालन में नगर पालिका निगम उप निर्वाचन के दौरान पेड न्यूज के अंतर्गत समाचार पत्र, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, केबल नेटवर्क, इंटरनेट, सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया इत्यादि में प्रकाशित होने वाले समाचार तथ्यों की बारीकी से जांच तथा निर्वाचन संबंधी प्रचार-प्रसार सामग्रियों के प्रसारण पूर्व प्रमाणन हेतु जिला स्तर पर जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का गठन किया गया है। जिसमें कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा अध्यक्ष, कमल कुमार बघेल उप संचालक जन सम्पर्क, सदस्य सचिव एवं सुरेश रावल हरिभूमि सदस्य समिति में रहेंगे। आदेश निर्वाचन के तिथि की घोषणा से तत्काल प्रभावशील होगा।

### आकाशीय गाज गिरने से डेढ़ घंटे बंद रही बिजली



**जगदलपुर।** दो दिन से बारिश के साथ-साथ आकाशीय बिजली से शहर के दलपत सागर के पास पेड़ गिरने एवं डगाल टूटने से बिजली प्रभावित हुई। विद्युत कंपनी जगदलपुर जोन के विद्युत कर्मचारियों ने सर्चिंग की तो पता चला कि आकाशीय बिजली से ट्रांसफार्मर खराब हुआ। इस पर कार्यपालन अभियंता डॉ. सुदीप खेस के नेतृत्व में सहायक अभियंता विकास कुंजाम, कनिष्ठ अभियंता डीसी मांझी, चिराग साहू दर्जन भर कर्मचारियों के साथ शाम को जुटे रहे। लगभग डेढ़ घंटे बाद बंद बिजली बहाल हो सकी और उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।

### महिला आरक्षण बिल पर चुनावी लाभ लेने का प्रयास : अनवर

**जगदलपुर।** कांग्रेस महामंत्री अनवर खान ने जारी बयान में



कहा कि महिला आरक्षण बिल, परिसीमन प्रक्रिया और महिला सुरक्षा के मुद्दों पर जवाबदेही तय होनी चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि जब बिल को व्यापक समर्थन मिल चुका था तो उसे लागू करने में देरी क्यों की गई। चुनावी वर्ष में इसे फिर से मुद्दा बनाकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश की जा रही है। परिसीमन और जनगणना के नाम पर बिल को लटकाए रखना सरकार की मंशा पर सवाल खड़े करता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि देश में महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सरकार विफल रही है। महिलाओं के अधिकार और सम्मान की रक्षा के लिए ठोस कदमों की जरूरत है न कि केवल घोषणाओं और प्रचार की।

### कौशल विकास और जागरुकता शिविर संपन्न

**जगदलपुर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बकावंड में छात्राओं के सर्वांगीण विकास और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के प्रति तैयार करने के उद्देश्य से आयोजित तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। नंदी फाउंडेशन के तत्वावधान में 20 अप्रैल से 22 अप्रैल तक चले इस शिविर के माध्यम से छात्राओं को कौशल विकास के साथ-साथ वर्तमान समय की अनिवार्य व्यावहारिक जानकारियों से लैस किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने छात्राओं को आज के डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति सचेत करते हुए सुरक्षित इंटरनेट बैंकिंग और डिजिटल सुरक्षा के महत्वपूर्ण गुर सिखाए। कार्यक्रम में विशेष रूप से बैंकिंग धोखाधड़ी और फर्जी कॉल से बचने के तरीकों पर विस्तृत शेष पेज 10 पर

# भविष्य की जरूरतों के अनुसार कराए जा रहे निर्माण कार्यः छिकारा

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर**

## कलेक्टर ने किया शहर के विकास कार्यों का निरीक्षण

कलेक्टर आकाश छिकारा ने शहर में संचालित विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क चौड़ीकरण, नाली निर्माण तथा नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों को गुणवत्ता एवं समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर श्री छिकारा ने कहा कि विकास कार्यों का क्रियान्वयन केवल वर्तमान आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर ही नहीं, बल्कि भविष्य में बढ़ने वाली आबादी और यातायात की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए किया जाए। उन्होंने सड़क निर्माण एवं चौड़ीकरण कार्यों में तकनीकी मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए ताकि आमजन को बेहतर आवागमन सुविधा मिल सके। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पल्ली नाका, धरमपुरा पीजी कॉलेज, महावीर कालोनी, एलआईसी चौक, वर्गीस कालोनी, आईबीसी कार्यालय, बालाजी मंदिर चौक, अनुपमा चौक के पास के नाली निर्माण के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं का मौका मुआयना भी किया। उन्होंने जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इसके अलावा एलआईसी चौक से एमपीएम हॉस्पिटल मार्ग तक और हाता ग्राउंड से कोर्ट तिराहा तक के सड़क चौड़ीकरण कार्य का जायजा लिया।





### ये अधिकारी भी रहे मौजूद

इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा, लोक निर्माण विभाग के राजीव बतरा, विद्युत विभाग के खेस, तहसीलदार राहुल गुप्ता सहित लोक निर्माण विभाग के सब इंजीनियर, वन विभाग के अधिकारी, निविदाकार सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## हादसा : कोलेंग से धान लोड कर आने के दौरान दुर्घटना में एक घायल

# कोलेंग नाला में ट्रक पलटा, चालक और हेल्पर ने मौके पर ही तोड़ा दम





**हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर/दरभा**

- मौके पर पहुंची दरभा पुलिस, शवों को मेकाज भेजा गया

दरभा थाना क्षेत्र स्थित कोलेंग नाला पर धान लेकर जा रहे ट्रक के घाटी में पलटने से चालक व हेल्पर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में ट्रक का कंडेक्टर घायल हो गया है जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक गुरूवार शाम लगभग 4 बजे कोलेंग लैम्पस से धान लोड कर दरभा की ओर आ रही ट्रक क्रमांक सीजी 19 एच 1177 कोलेंग नाला व कोलेंग गांव के बीच घाटी में पलट गई। घाटी के मोड़ में चालक वाहन से नियंत्रण खो दिया और वह अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों व दरभा पुलिस की मदद से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। दरभा पुलिस द्वारा तत्काल ट्रक में फंसे चालक व हेल्पर के साथ ही कंडक्टर को बाहर निकाला गया। इस हादसे में ट्रक के चालक चेतनलाल ठाकुर 32 वर्ष निवासी देववाहन बालोद व हेल्पर संजय सेठिया 35 वर्ष निवासी कोयनार केशलूर की ट्रक के नीचे आने से मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे में ट्रक का कण्डेक्टर तोरनलाल ठाकुर 27 वर्ष निवासी बालोद साकरी स्कूलपारा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है।

### मृतकों के परिजन को दी सूचनाः टीआई


*दरभा टीआई चाणक्य नाग ने बताया कि कोलेंग से धान लोड कर आ रहे ट्रक के पलटने की खबर लगते ही मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। मौके पर पंचनामा कार्रवाई के बाद घायल कण्डेक्टर को उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। वहीं दोनों मृतकों के शवों को पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है। शुक्रवार को शव परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा। दोनों मृतकों के परिजनों को सूचना भेज दी गई है।*



# बोड़नपाल और कोलचुर में मिलीं दुर्लभ पांडुलिपियां







**हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर**

बस्तर जिले के ग्राम पंचायत बेसोली के बोड़नपाल और कोलचुर में अत्यंत प्राचीन ताड़पत्र पांडुलिपियां प्राप्त हुई हैं। जो क्षेत्र की सदियों पुरानी बौद्धिक और साहित्यिक संपन्नता का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। इन अनमोल धरोहरों की खोज ने प्रदेश के स्वर्णिम इतिहास को सहेजने के इस महाभियान को एक नई ऊर्जा प्रदान की है।

ज्ञानभारतम पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के तहत छत्तीसगढ़ अपनी प्राचीन ज्ञान परंपरा को न केवल सहेजने बल्कि उसे आधुनिक स्वरूप में संकलित करने के लिए पूरी तरह संकल्पित है।

बोड़नपाल और कोलचुर जैसे ग्रामों से मिली ये पांडुलिपियां अब तक गुमनामी के अंधेरे में थीं, लेकिन अब ये शोधार्थियों के लिए ज्ञान का अटूट भंडार साबित होंगी। ये ताड़पत्र न केवल छत्तीसगढ़ के प्राचीन चिकित्सा विज्ञान, ज्योतिष और साहित्य के वाहक हैं, बल्कि बस्तर की अनूठी लोक परंपराओं के रहस्यों को भी उजागर करते हैं। शासन की इस अनूठी पहल से न केवल प्रदेश की बौद्धिक संपदा का संरक्षण होगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियां भी अपनी गौरवशाली संस्कृति और पूर्वजों के ज्ञान से सीधे तौर पर रूबरू हो सकेंगी।

## उपभोक्ता घर बैठे ऑनलाइन करवा सकते हैं शिकायत दर्ज : जायसवाल



**हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर**

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग ने उपभोक्ता कानून के प्रति जागरुकता तथा ई-फाइलिंग एवं ई-हियरिंग की प्रक्रिया से अवगत कराने के उद्देश्य से उपभोक्ता साक्षरता शिविर का आयोजन किया।शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। प्रारंभ में प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत करते कार्यक्रम का परिचय प्रस्तुत किया तथा उपभोक्ता जागरुकता के महत्व पर प्रकाश शेष पेज 10 पर

## शराब नहीं, गांव में बेहतर स्वास्थ्य स्कूल और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा चाहिए

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर**



लोहंडीगुड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत बड़ांजी में प्रस्तावित अंग्रेजी शराब दुकान को लेकर ग्रामीणों में असंतोष और आक्रोश है। गांव के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक माहौल पर पड़ने वाले संभावित दुष्प्रभावों को देखते हुए विरोध शुरू हो गया है। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) एवं बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लोहंडीगुड़ा को ज्ञापन सौंपते हुए प्रस्तावित शराब दुकान को तत्काल निरस्त करने की मांग की। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि यह निर्णय ग्रामसभा की सहमति के बिना लिया गया है जो कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया एवं लागू नियमों का उल्लंघन है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में शराब दुकान खुलने से सामाजिक ताना-बाना कमजोर होगा। परिवारों में कलह और विवाद बढ़ेंगे तथा महिलाओं और बच्चों शेष पेज 10 पर

### दंतेश्वरी महाविद्यालय में मना पृथ्वी दिवस, पर्यावरण बचाने पर जोर

# प्लास्टिक थैली एवं बोतलों का उपयोग कम करें : नाथ

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर**

पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में स्मार्ट कक्षा हमारी शक्ति, हमारा ग्रह विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वनस्पति विज्ञान विभाग, यूथ रेडक्रॉस, रेड रिबन क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं बायोडायवर्सिटी कंजर्वेशन सोसाइटी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. रंजना नाथ ने छात्राओं को कम से कम बिजली के उपयोग के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जहां आवश्यकता हो वहीं बिजली का उपयोग करें तथा अनावश्यक दुरुपयोग से बचें। उन्होंने प्लास्टिक थैली एवं प्लास्टिक बोतलों के सीमित उपयोग पर भी जोर दिया। हमें अपनी छोटी-छोटी दैनिक गतिविधियों पर ध्यान देकर ही पर्यावरण को बचाया जा सकता है। उन्होंने छात्राओं के साथ संवाद में पूछा कि वे महाविद्यालय, अपने घर या गांव में पर्यावरण संरक्षण के लिए क्या कर सकती हैं। इस पर छात्राओं ने विचार व्यक्त किए। कुछ ने पेड़-पौधे लगाने, पेड़ों की कटाई रोकने तथा प्लास्टिक के न्यूनतम उपयोग जैसे सुझाव दिए। मुख्य वक्ता जीविदा कोसले ने पृथ्वी के जीवनकाल के बारे में बताया कि मानव अपनी उपभोग क्षमता से कहीं अधिक संसाधनों का उपयोग कर चुका है। धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रिंसी दुग्गा ने किया । इस अवसर पर ज्योति त्रिपाठी, लक्ष्मण पटेल सहित बी.एससी. लाइफ साइंस एवं बी.एससी. साइंस की छात्राएं उपस्थित रहीं।



### यह कार्य स्वयं को बचाने के लिए करेंः साहू

कार्यक्रम का संचालन वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. गुलाबचंद साहू ने कहा कि हमें यह कार्य केवल पृथ्वी को बचाने के लिए नहीं, बल्कि स्वयं को बचाने के लिए करना चाहिए। क्योंकि पृथ्वी के अस्तित्व से ही हमारा अस्तित्व जुड़ा है। इसलिए हमें यह सोचकर कार्य करना चाहिए कि हम अपने भविष्य और अपने जीवन की सुरक्षा के लिए पृथ्वी की देखभाल कर रहे हैं।




गर्मी की छुट्टीयों का सही इस्तेमाल करें और

कमाएं

₹ 12,000 प्रति माह + इंसेन्टिव

योग्यता- 12वीं से स्नातक

मात्र 6 घंटे का आसान काम और फिर आराम ही आराम

ऐसे ऊर्जावान युवक युवतियों की आवश्यकता है जो अपने टेलेंट से मीडिया में महत्वपूर्ण स्थान बना सके।

स्वयं का वाहन होना आवश्यक, संपर्क अभियान से लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम युवा संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।

हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.)

Resume करें - 9977374898

## खबर संक्षेप

### आग में जलने से महिला की मौत

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत बाबूकोहका निवासी 78 वर्षीय बिसरी बाई ध्रुव पति झाडूराम आग में जल गया था। इलाज के लिए रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसका मौत हो गया। मिली जानकारी अनुसार मृतिका आग में जल गई थी। इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया, लेकिन उसकी 17 नवंबर को मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### बिजली करंट से महिला की मौत

कांकेर। बांदे थानांतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बांदे में इलाज के लिए लाए संध्या ठाकुर पति विनोद ठाकुर का मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतिका को करेंट लगने से इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। इलाज के दौरान उनका 22 अप्रैल को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### शराब की बिक्री करने वाली महिला पकड़ाई

कांकेर। थाना कोरर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम किशनपुरी में अवैध महुआ शराब बिक्री की खबर मिलने पर कोरर पुलिस ने किशनपुरी निवासी 34 वर्षीय सरस्वती कोमरा को दबोचा, जो अपने मकान के बाहर अवैध रूप से देशी महुआ शराब बेच रही थी। आरोपी के कब्जे से 10 लीटर क्षमता की प्लास्टिक जरकीन में रखी करीब 7.5 लीटर हाथ भट्टी से बनी कच्ची महुआ शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 900 रुपएं आंकी गई। शराब बिक्री से प्राप्त 240 रुपएं नकद भी जब्त किए गए। पुलिस ने आरोपी सरस्वती कोमरा के खिलाफ धारा आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया।

### उप कोषालय की सेवाएं ठप, जनता और विभाग हैं मुश्किल में

**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर अंचल में उप कोषालय की सेवाएं प्रभावित होने से आम जनता और शासकीय विभागों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय स्तर पर स्टाम्प और टिकट की उपलब्धता बंद हो जाने से छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी लोगों को जिला मुख्यालय कांकेर के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जिससे समय और धन दोनों की हानि हो रही है। जानकारी के अनुसार जिला कोषालय कांकेर द्वारा जारी निर्देश के बाद भानुप्रतापपुर उप कोषालय में मिलने वाले विभिन्न मुद्रांक स्टाम्प और टिकट अब केवल जिला कोषालय से ही प्राप्त किए जा सकते हैं। इस नई व्यवस्था के चलते स्थानीय स्तर पर इनकी उपलब्धता पूरी तरह बाधित हो गई है। इसका सीधा असर आम नागरिकों के दस्तावेजी कार्यों पर पड़ रहा है, वहीं शासकीय कार्यालयों में भी कामकाज प्रभावित हो रहा है। इस संबंध में अधिवक्ता राजेश तिवारी ने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए उप कोषालय की सेवाओं को पूर्ववत संचालित करने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि वर्षों से भानुप्रतापपुर में उप कोषालय सुचारू रूप से कार्य कर रहा था और ऐसी समस्या पहले कभी सामने नहीं आई।

# प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से परिवार को मिला सहारा

## नॉमिनी को 2 लाख रुपए की बीमा राशि का भुगतान, आकस्मिक निधन के बाद परिजन को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

केशकाल विकासखंड के ग्राम करमरी बिंझे निवासी रजाय बाई दुग्गा के निधन के पश्चात उनके नामित पुत्र बलिदान राम दुग्गा को 2 लाख रुपए की बीमा राशि प्रदान की गई। बीमा राशि मिलने से परिवार को राहत मिली है। बीमा राशि इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के माध्यम से नॉमिनी के बैंक खाते में शाखा प्रबंधक प्रीतम कुमार गुप्ता एवं उपडाकपाल एस.एल. गोटी द्वारा अंतरित की गई।

जानकारी के अनुसार रजाय बाई दुग्गा ने डाकघर के माध्यम से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बीमा कराया था। इस योजना के अंतर्गत मात्र 436 वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख रुपए का जीवन बीमा कवर प्रदान किया जाता है।

### 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के लिए योजना

यह योजना 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के बैंक खाताधारकों के लिए संचालित है, जिसका नवीनीकरण 55 वर्ष की आयु तक किया जा सकता है। योजना में नामांकन के लिए किसी प्रकार की मेडिकल जांच आवश्यक नहीं होती। प्रीमियम राशि बैंक खाते से ऑटो–डेबिट के माध्यम से जमा हो जाती है।




### मृत्यु पर नॉमिनी को सहायता राशि

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में बीमित व्यक्ति की मृत्यु होने पर किसी भी परिस्थिति में नामित व्यक्ति को 2 लाख की सहायता राशि प्रदान की जाती है। इसको इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक या अन्य माध्यम से नॉमिनी के बैंक खाते में भेजा जाता है।

## समस्या : बानगांव में लगातार कटौती से त्रस्त लोगों का धरना-प्रदर्शन

# बिजली संकट पर भड़का जनाक्रोश ग्रामीणों ने किया कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

- किसानों ने फसल सूखने पर मुआवजे की रखी मांग

विकासखंड के बानगांव में लंबे समय से जारी बिजली कटौती के खिलाफ गुरुवार को ग्रामीणों का गुस्सा सड़कों पर नजर आया। जनपद सदस्य लीलावती नेताम के नेतृत्व में दोपहर करीब 1 बजे बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने रैली निकालकर बिजली कार्यालय का घेराव किया। ग्रामीणों ने अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जल्द समाधान की मांग की।

ग्रामीणों का कहना है कि कई दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित है, जिससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। उन्होंने बताया कि 17 अप्रैल को संबंधित विभाग को लिखित आवेदन देकर समस्या से अवगत कराया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। बार-बार शिकायत के बावजूद स्थिति जस की तस बनी रही, जिससे नाराज होकर उन्हें प्रदर्शन करना पड़ा। धरना-प्रदर्शन में शामिल ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण उन्हें अंधेरे में रहने को मजबूर होना पड़ रहा है, वहीं खेती-किसानी और रोजमर्रा के कार्य भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।





### मक्के की फसल सूखी निरीक्षण के लिए भेजें पटवारी

किसानों ने बताया कि बिजली नहीं मिलने के कारण उनकी मक्के की फसल सूख गई है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि सूखी फसल को ट्रैक्टर में भरकर कार्यालय लाने की योजना थी, लेकिन समय और वाहन की कमी के कारण ऐसा संभव नहीं हो सका। किसानों ने मांग की है कि गांव में पटवारी भेजकर फसल का निरीक्षण कराया जाए और जल्द मुआवजा दिया जाए।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

### आंदोलन में इनकी रही सहभागिता

प्रदर्शन के दौरान सरपंच गीता प्रसाद बघेल, उप सरपंच अर्जुन शोरी, पंच खेमन यादव, पूर्व सरपंच चंदन राम शोरी, दुलार राम, सियाराम नेताम, नवलु शोरी, नारद, संतोषी, आसमान सुखदेव, परशुराम, सुनील, दयाराम, मनीराम, लखमु, अनिल, सम्पत , संतु शोरी, माधव, राजेंद्र, राजेश्वरी, रामकिरण, रितेश जागेश्वर, विनोद, बंसी सिंह, तुलसीराम, सगराम समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पेट्रोल पंप के नजदीक मिला अधेड़ का शव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

- पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंपा
- कई दिनों से नहीं लौटा था घर

नगर के पेट्रोल पंप के नजदीक गुरुवार को एक अधेड़ का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस सुबह करीब 10:30 बजे मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक शर्ट और लुंगी पहने हुए था। मौके की स्थिति को देखते हुए आशंका जताई गई कि मृतक सम्भवतः घूम घूम कर मांगने वाला व्यक्ति हो सकता है। प्रारंभिक जांच में अंदेशा जताया जा रहा है कि उसकी मौत एक दिन पहले हुई होगी, क्योंकि तेज धूप के कारण शव की त्वचा काली पड़ चुकी थी। पुलिस ने जांच के दौरान मृतक की पहचान ग्राम कोरई निवासी पुनउ नेताम (42 वर्ष), पिता स्व. चमरा नेताम के रूप में की। पंचनामा कार्रवाई के बाद परिजनों की रिपोर्ट पर मर्ग कायम किया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### *एक साल से इधर- उधर कर रहा था काम*

*परिजनों के अनुसार, मृतक पिछले लगभग एक साल से क्षेत्र में इधर-उधर काम कर जीवनयापन कर रहा था। कभी-कभार ही घर आता था। पिछले कई दिनों से वह घर नहीं लौटा था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।*

# भुसकी से करकाझार तक बनेगी अब पक्की सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

दूरस्थ अंचलों में विकास की रफ्तार जब जमीन पर उतरती है, तो उसका उत्साह गांव-गांव में साफ नजर आता है। विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम भुसकी में भी ऐसा ही एक ऐतिहासिक पल देखने को मिला, जब वर्षों से लंबित सड़क की मांग आखिरकार पूरी होने की दिशा में बढ़ी। भुसकी क्षेत्र के लिए यह सड़क केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि विकास की नई दिशा और संभावनाओं का द्वार है, जो आने वाले समय में क्षेत्र की तस्वीर बदलने में अहम भूमिका निभाएगा।

जानकारी के अुनसार भुसकी, फगवा पुड़ो एवं आसपास के गांवों के लिए यह सड़क बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। अब तक यहां के लोगों को कच्ची और जर्जर सड़क के कारण विशेषकर बारिश के मौसम में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। कई बार आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता था, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य और बाजार तक पहुंच प्रभावित होती थी। इस मांग को वर्षों तक उठाने वाले पूर्व जनपद सदस्य रूपोंतिन आचला एवं पूर्व सरपंच कलिता आचला के प्रयासों को ग्रामीणों ने याद किया। 21 अप्रैल को भुसकी से करकाझार तक लगभग 4.50 किमी. लंबी पक्की सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। भूमिपूजन के अवसर पर जनपद सदस्य धनसाय हुर्रा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का विकास शासन की प्राथमिकता है और यह सड़क बनने से पूरे क्षेत्र को लाभ मिलेगा। सरपंच मुकेश गावड़े ने कहा कि पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को लगातार प्राथमिकता दी जा रही है और यह सड़क नई संभावनाओं के द्वार खोलेगी। जिला पंचायत सदस्य देवलाल नरेटी ने भी कहा कि जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी रही। महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने माहौल को उत्सव में बदल दिया। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि निर्माण कार्य तय समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा होगा, वहीं जनप्रतिनिधियों ने नियमित निगरानी का आश्वासन दिया।



# शादी समारोह में चाकूबाजी, चार युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- डीजे की धुन में नाचने के दौरान हुआ विवाद
- परपा पुलिस कर रही चाकूबाजों की तलाश

परपा थाना क्षेत्र के आरापुर में बीती रात शादी समारोह में डीजे की धुन में नाचने के दौरान युवकों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि कुछ लोगों ने नाच रहे युवकों पर चाकू से हमला कर दिया। चाकूबाजी में चार युवक घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

घटना की जानकारी देते हुए सोसनपाल निवासी सागर नाग 20 वर्ष ने बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ आरापुर में एक परिचित के घर शादी समारोह में गए थे। समारोह में डीजे भी लगाया गया था जहां सभी लोग डांस कर रहे थे। नाचने के दौरान अचानक टकराने की वजह से युवकों में विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते यह विवाद बढ़ गया। डीजे में नाच रहे कुछ युवकों ने दुगनपाल पटेलपारा निवासी फुलसिंग 30 वर्ष, प्रियांशु कुर्रे 20 वर्ष निवासी सोसनपाल और देवेंद्र 24 वर्ष निवासी दुगनपाल पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। हमले में युवकों को हाथ, पीठ और कमर आदि जगहों पर चोटें आई हैं। अचानक हुई चाकूबाजी की इस घटना के बाद शादी समारोह में भगदड़ मच गयी। मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को तत्काल उपचार के लिए मेकाज अस्पताल लेकर गए जहां उन्हें भर्ती कराया गया है। फिलहाल घायलों की स्थिति ठीक बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक डीजे पर नाचते समय युवकों के बीच मामूली टक्कर हुई। यह छोटी सी बात देखते ही देखते बड़े विवाद में बदल गई। कुछ हमलावर युवकों ने चाकू निकालकर डांस कर रहे युवकों पर हमला कर दिया। हमले में फुलसिंग, प्रियांशु और देवेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना से शादी के माहौल में हड़कंप मच गया। लोग शादी घर छोड़कर घायलों को अस्पताल ले जाने में जुट गए।



### हमलावरों की तलाश जारी

घायलों के परिजनों ने बताया कि घटना के बाद से गांव के दो युवक लापता हैं। इन लापता युवकों पर चाकूबाजी का शक जताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि घटना की जानकारी लगने के बाद मौके पर पुलिस पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। वहीं पुलिस घटना में शामिल हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। परपा टीआई से इस मामले की जानकारी लेने का प्रयास किया गया, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ।

# संचालक को शराब पिलाते पकड़ा गया

**कांकेर।** थाना बांदे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम पीव्ही 79 शांतिपुर स्थित एक ढाबे में दबिश देकर अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की है। पुलिस ने ढाबे के संचालक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी 42 वर्षीय दिलीप देवनाथ पिता स्व. दुलाल देवनाथ के पीव्ही 79 शांतिपुर स्थित निजी ढाबा से 13 नग हंटर अंग्रेजी बियर, खाली बोतलें, डिस्पोजल गिलास और 600 रुपएं नगद को जप्त किया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि शांतिपुर निवासी दिलीप देवनाथ अपने ढाबे में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बेच रहा है और लोगों को वहीं बिठाकर शराब पिला रहा है। पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी की। पुलिस को देखकर आरोपी ने भागने का प्रयास किया, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी के दौरान ढाबे से एक प्लास्टिक के थैले में 13 नग हंटर बियर बरामद हुई। साथ ही काउंटर से बिक्री के 600 रुपएं और टेबल से इस्तेमाल की गई खाली बोतलें व डिस्पोजल गिलास जब्त किया गया। आरोपी दिलीप देवनाथ शराब रखने या पिलाने से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) और 36 (सी) के तहत मामला दर्ज किया है। मामला अजमानती होने के कारण आरोपी को 22 अप्रैल की रात 01:05 बजे विधिवत गिरफ्तार कर हिरासत में ले लिया गया है।

# माँ ने बेटे को बेवजह घूमने पर डांटा बहू व देवर बेटे ने माँ से की मारपीट

**कांकेर।** अंतागढ़ क्षेत्र में एक मामूली घरेलू विवाद ने उस समय गंभीर रूप ले लिया, जब बेटे को घूमने से मना करने पर एक महिला के साथ उसके ही परिवार के सदस्यों ने मारपीट कर दी। घटना ने पारिवारिक रिश्तों की मर्यादा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार अंतागढ़ थाना क्षेत्र के कुहचे शीतलापारा निवासी 35 वर्षीय भागबती उसेंडी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वह खेती-किसानी का कार्य करती हैं और 21 अप्रैल की शाम करीब 5 बजे अपने घर पर थीं। उसी दौरान उन्होंने अपने बेटे जितेंद्र उसेंडी को इधर-उधर घूमने को लेकर डांटा था। महिला के अनुसार इसी बात से नाराज होकर उनकी बहू मधु उसेंडी और देवर का बेटा नागेश उसेंडी मौके पर पहुंचे और उन्हें गाली-गलौज करने लगे। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों आरोपियों ने मिलकर महिला के साथ हाथ-मुक्कों और लातों से मारपीट की। इतना ही नहीं, उन्होंने दोबारा बेटे को डांटने पर जान से मारने की धमकी भी दी।

## पेज 9 के शेष

### उपभोक्ता घर बैठे...

डाला। मुख्य अतिथि सुजाता जायसवाल अध्यक्ष जिला उपभोक्ता आयोग रहीं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के प्रमुख प्रावधानों की विस्तृत जानकारी देते बताया कि इस अधिनियम के अंतर्गत अब चिकित्सीय सेवाओं को भी शामिल किया गया है। उन्होंने जागृति एप के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इसका शुभारंभ 24 दिसंबर 2024 को किया गया, जिसके माध्यम से उपभोक्ता घर बैठे ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर सकते हैं। साथ ही ई-हियरिंग की सुविधा के अंतर्गत उपभोक्ता बिना आयोग में उपस्थित हुए अपने मामले की सुनवाई करवा सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि ई-हियरिंग प्रणाली लागू करने में छत्तीसगढ़ देश का प्रथम राज्य है। विशिष्ट अतिथि सीमा गोलछा सदस्य, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने भी छात्र-छात्राओं को उपभोक्ता अधिकारों एवं संरक्षण अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की तथा जागृति एप के उपयोग की प्रक्रिया समझाई।

छात्र- छात्राओं के सवालों का दिया जवाब

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रश्न पूछे गए जिनका समाधान मुख्य अतिथि ने सरल भाषा में किया। अंत में महाविद्यालय की ओर से दीपिका डडसेना विभागाध्यक्ष वाणिज्य विभाग ने आभार व्यक्त किया। वहीं उपभोक्ता आयोग की ओर से अनंत वेद ने भी धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

**ये रहे उपस्थित:** इस अवसर पर डॉ. रानू मेश्राम, डॉ. एस. के. दत्ता, विमल रात्रे, कल्पना मांडवी, एफ. आर. साहू, संध्या प्रसाद, चंद्रप्रभा कोसरे, डॉ. स्वीटी ठाकुर, नुरुल हक, डॉ. योगेंद्र सिंह, डॉ. ऋचा श्रीवास्तव, लिपिक राठौर,आयुष नोटवानी सहित विभिन्न विभागों के प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### शराब नहीं गांव...

की सुरक्षा पर गंभीर असर पड़ेगा। इसके साथ ही गांव की पारंपरिक संस्कृति एवं शांति व्यवस्था भी प्रभावित होगी। इस दौरान ग्राम बड़ांजी की महिला सुभद्रा भारद्वाज ने कहा कि गांव में शराब दुकान खुलने से घर-परिवार का माहौल खराब होगा। झगड़े बढ़ेंगे और संस्कृति को नुकसान पहुंचेगा। हमें शराब नहीं चाहिए बल्कि गांव में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा, अच्छे स्कूल और बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा चाहिए। हम प्रशासन से मांग करते हैं कि इस निर्णय को तुरंत रोका जाए। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि पंचायत द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी नहीं रही है। इसमें आम ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं की राय को नजरअंदाज किया गया है, जो कि पंचायती राज व्यवस्था की मूल भावना के विपरीत है। ग्रामीणों ने इस मामले में उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच की मांग की है।

**जनमत लेने पुनः ग्रामसभा की जाए :** ज्ञापन में यह उल्लेख किया गया है कि अनुसूचित क्षेत्रों में ग्रामसभा की सहमति अनिवार्य होती है। किंतु इस मामले में इन प्रावधानों की अनदेखी की गई है जो कि कानून का उल्लंघन है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि कानून का पालन सुनिश्चित करते हुए ग्रामसभा की पुनः बैठक आयोजित कर वास्तविक जनमत लिया जाए।

**आंदोलन की चेतावनी:** इस दौरान जोगी कांग्रेस और मुक्ति मोर्चा के संतु कश्यप, सूरज कश्यप सहित ग्रामीण सामबती , दुबी बाई, माहेश्वरी, नूतन बाई, मंगलदाई, चंदरमुनि, डुमरबती, गैलाबाई, नूरपति, हमेश्वरी, चालिक राम भारद्वाज, रमाकांत, बैजनाथ भारद्वाज , तुलाराम भारद्वाज, कमलेश नाग, परमेश्वर भारद्वाज, नरसिंग, बंटी, गोलू उपस्थित रहे।

### कौशल विकास एवं...

चर्चा की गई, ताकि छात्राएं स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार को भी वित्तीय जोखिमों से सुरक्षित रख सकें। इसके अतिरिक्त, महिला सुरक्षा और जागरूकता से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए उन्हें समाज में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागी छात्राओं को उनकी सक्रिय सहभागिता के लिए प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस मौके पर संस्था के प्राचार्य डॉएके मांडले ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रशिक्षण की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम छात्राओं को न केवल तकनीकी रूप से दक्ष बनाते हैं, बल्कि उन्हें एक सुरक्षित और जागरूक नागरिक के रूप में भी तैयार करते हैं। नंदी फाउंडेशन की इस पहल की सराहना करते हुए उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यहाँ से प्राप्त ज्ञान छात्राओं के जीवन में सुरक्षा कवच की तरह कार्य करेगा।

## खबर संक्षेप

### 14 उच्च जोखिम गर्भवती माताओं की सोनोग्राफी



**जगदलपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक के निर्देश पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानुगर डॉ.आरएस भवर के मार्गदर्शन में उच्च जोखिम गर्भवती माताओं की जांच सोनोग्राफी हेतु ओम अस्पताल में भेजा गया। प्रसव से पूर्व जांच एवं सुरक्षित प्रसव के लिए 22 अप्रैल को नानगुर ब्लाक से ओम अस्पताल के डॉ. भवानी भगत द्वारा 14 उच्च जोखिम गर्भवती माताओं का सोनोग्राफी सफलता पूर्वक किया गया। इसमें ग्रामण अंचल से आए उच्च जोखिम गर्भवती माताओं में डोगाम से-5, कुम्हारावंड-1, घाटपदमुर-3, परपा-2, पडंरीपानी -2, कुसुमपाल -1, गर्भवती महिलाए आये थे, जिन्हे जांच के बाद परामर्श दिया गया। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामिण क्षेत्र के उच्च जोखिम वाली महिलाओं को बेहतर प्रसव पूर्व जांच और सेवा उपलब्ध कराना और सुरक्षित प्रसव सेवा देना है। इस मौके पर सेक्टर कुम्हारावंड से सुपरवाईजर प्रशंत श्रीवास्तव, नरेश चन्द्र मरकाम, काउंसलर टोमेश कश्यप के साथ कुम्हारावंड सेक्टर से गर्भवती महिलाओं को लेकर आए मितानीन और परिजन शामिल रहे।

### ग्रामीण ने जहर खाकर दी जान

**कांकेर।** सरोना थानांतर्गत धनेसरा निवासी 55 वर्षीय छेदूराम कोर्राम पिता बरन सिंह ने जहर खा लिया था, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में लाया गया। इलाज के दौरान उसका 7 अप्रैल को मौत हो गया। अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक ने अज्ञात कारणों के चलते जहर खा लिया था। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### घायल बुर्जुग की अस्पताल में मौत

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत बाबूकोहका निवासी 72 वर्षीय मोतीराम जुर्री पिता सगनूराम का इलाज के दौरान 6 फरवरी को मौत हो गया।

## ग्रामीण क्षेत्रों में पानी के लिए तरस रहे लोग और मवेशी...



**जगदलपुर।** ग्रामीण क्षेत्र के डबरी और सरकारी योजना से बनाए गए छोटे तालाब सूखे हैं। जहां मवेशियों की प्यास बुझाने के लिए पानी नहीं है। वहीं जल जीवन मिशन के घर घर जल योजना दम तोड़ रही है। कहीं कहीं घरों में लगाए गए नल में कभी कभार एकाध घंटे के लिए पानी आने की आस में महिलाएं बर्तन लगाकर चले गए हैं। वहीं किसी हैंडपंप या टंकी के पास पानी आता भी है लेकिन वहां गंदगी से होकर लोग पीने का पानी ले जाने को मजबूर हैं। हरिभूमि ने गुरूवार को नानगुर क्षेत्र के कैकाचेरबहार, धनियालुर, पुसपाल तथा अन्य कुछ गांव का जायजा लिया। जहां पानी के लिए ग्रामीणों के साथ-साथ मवेशी भी तरस रहे हैं। नानगुर के उपसरपंच महेंद्र सेठिया ने बताया कि पहले मई-जून में गर्मी तेज होने पर लोगों को परेशानी होती थी। लेकिन अब अप्रैल में ही तेज गर्मी और घटते जलस्तर से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि नल जल योजना के तहत 7 दिन 24 घंटे पानी देने का दावा खोखला है। इसमें सरकार की ओर से पाइप बिछाने और घरों तक नल लगाने के साथ टंकी भी बनाए गए हैं लेकिन अधिकारियों की लापरवाही और ठेकेदारों के साथ मिलीभगत और भ्रष्टाचार ने गर्मी में लोगों को पानी के लिए परेशान कर दिया है। छाया : सुरेश रावल

### एनएमडीसी के अध्यक्ष ने सरपंच और गांव के जनप्रतिनिधियों से बैठक कर जाना हाल

## एनएमडीसी न केवल एक प्रमुख खनन कंपनी बल्कि एक जिम्मेदार उद्यम की भी भूमिका निभा रहा : मुखर्जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

एनएमडीसी लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक अमिताभ मुखर्जी ने एनएमडीसी परियोजनाओं के आसपास के गांवों के पंचायत प्रमुखों के साथ बैठक की। बातचीत में जमीनी स्तर की समस्याओं को दूर करने और

- समस्या दूर करने मिला आश्वासन

स्थानीय परिस्थितिकीय तंत्र के लिए सहयोग बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया। गुमीयापाल, समालवार, कालेपाल, चोलनार, कदम्पाल, हिरोली, बेनपाल, कोडेनार, मदकामिरस और कुट्रेम गांवों के एक दर्जन से अधिक सरपंच और ग्रामीण जनप्रतिनिधियों ने पेयजल, सड़क , स्वास्थ्य , स्ट्रीट लाइट, खेल सुविधाओं और समग्र बुनियादी ढांचे से संबंधित रोजमर्रा की चुनौतियों के बारे में बताया। बैठक में कृष्ण कुमार ठाकुर, निदेशक (कार्मिक) के साथ परियोजना के वरिष्ठ अधिकारी रबीन्द्र नारायण, अधिशासी निदेशक, किरंदुल



कॉम्प्लेक्स एवं के. श्रीधर कोडाली, मुख्य महाप्रबंधक (खनन), बचेली कॉम्प्लेक्स शामिल थे।

### गांव को आत्मनिर्भर बस्तियों में बदलेंगे

सभा को संबोधित करते हुए सीएमडी ने इस बात पर बल दिया कि एनएमडीसी न केवल एक प्रमुख खनन बल्कि सार्वजनिक क्षेत्र के एक जिम्मेदार उद्यम की भी भूमिका निभा रहा है। जो क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक ताने-बाने को समृद्ध करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कंपनी की ताकत उन समुदायों के विश्वास में निहित है जिनकी वह सेवा करती है और उनकी चिंताएं एनएमडीसी के कार्यों का मार्गदर्शन करती हैं। साथ ही समुदायों की प्रगति एनएमडीसी की सफलता को परिभाषित करती है। उन्होंने कहा, हम इन गांवों के साथ मिलकर काम करेंगे ताकि उन्हें आत्मनिर्भर बस्तियों में बदला जा सके जो विकसित भारत की भावना को दशार्ती हैं।

### पानी, सड़क और स्वास्थ्य पर चर्चा से खुशी

बैलाडीला खदानों के आस-पास के ग्रामीणों ने बेहतर पानी, सड़कों और स्वास्थ्य देखभाल जैसी सुविधाओं पर हुई चर्चा पर प्रसन्नता व्यक्त की। पंचायत के एक प्रतिनिधि ने कहा वरिष्ठ निदेशकों ने हमसे आमने-सामने बातचीत की और हमारी परेशानियों को सुना। कंपनी के वरिष्ठ निदेशकों की इस प्रत्यक्ष पहुंच ने ठोस बदलाव के लिए नई उम्मीद जगाई है।

### समस्याओं को दूर करेंगे

कृष्ण कुमार ठाकुर निदेशक (कार्मिक) ने आश्वासन दिया कि एनएमडीसी स्थानीय समुदायों के साथ निरंतर संवाद करता रहेगा और इस बातचीत में साझा की गई समस्याओं से आगामी विकास पहलुओं को दिशा मिलेगी। बैलाडीला में 1968 में परिचालन शुरू करने के बाद से एनएमडीसी ने बचेली और किरंदुल परिसरों के माध्यम से औद्योगिक विकास और क्षेत्रीय प्रगति दोनों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन वर्षों में कंपनी दंतेवाड़ा में आर्थिक और बुनियादी ढांचे के विकास के उत्प्रेरक के रूप में उभरी है।

### बातचीत से खुलेगा विकास का मार्ग

भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक के रूप में एनएमडीसी का दंतेवाड़ा में 68 वर्षों से विश्वास सहज रूप से पनपा है। एनएमडीसी ने पेयजल परियोजनाएं, सड़कें, खेल के मैदान, क्लीनिक जैसे कार्य किए हैं। आज जमीनी स्तर पर हुई बातचीत और आदिवासियों की मूलभूत समस्याओं के आलोक में कमियों को दूर करते हुए इन कार्यों को और आगे बढ़ाया जाएगा।

## 70 से अधिक साल से काबिज लोगों को हटाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड में पंजीकृत वक्फ संस्था अंजुमन इस्लामिया कमेटी जगदलपुर के अंतर्गत आने वाली विभिन्न वक्फ सम्पत्तियां जो शहर के हृदय स्थल पर स्थित हैं और दशकों से अवैध कब्जे में थी, जिसे हटाये जाने का प्रयास पूर्व कमेटी द्वारा नहीं किया

- अंजुमन कमेटी के कार्यों की अध्यक्ष राज्य वक्फ बोर्ड ने की प्रशंसा
- संगम मार्ग के लिए शासन से मिली 86 लाख

गया और न ही छ.ग.राज्य वक्फ बोर्ड को वक्फ संपत्ति पर अतिक्रमण की जानकारी दी गई थी। छ.ग.राज्य वक्फ बोर्ड द्वारा गठित डॉ.एस.जहीरूद्दीन की अध्यक्षता में एड्हॉक कमेटी ने संस्था का प्रभार लेने के बाद अंजुमन पर विगत 70-80 वर्षों से अवैध रूप से काबिज को हटाये जाने और वक्फ सम्पत्ति को अतिक्रमण मुक्त कराने का प्रयास शुरू किया। जिसका फल है कि आज दशकों से अतिक्रमण में रही अंजुमन जगदलपुर की वक्फ सम्पत्तियां अतिक्रमण मुक्त होकर कब्जे में आई है। जिससे वक्फ सम्पत्ति का विकास किया जाकर संस्था की आय में बढ़ोतरी हुई है। जिससे समाज-हित व जनकल्याण के लिए कार्य किया जा सकेगा।

दो दशक में पहली बार अंजुमन जगदलपुर का बैंक खाता एडहॉक कमेटी द्वारा खुलवाया गया। अंजुमन की वक्फ सम्पत्तियां जिनकी वास्तविक स्थिति ज्ञात नहीं थी उनके सीमांकन, भौतिक सत्यापन आदि का कार्य निरंतर जारी है। अंजुमन की वक्फ सम्पत्तियों को समय-सीमा में पोर्टल में दर्ज कराया गया। एडहॉक कमेटी



द्वारा प्रदेश में सर्वप्रथम वक्फ संस्था में कैशलेस पद्धति प्रारंभ की गई जिससे कार्यशैली पारदर्शी रहे। अध्यक्ष डॉ.सलीम राज ने अंजुमन इस्लामिया कमेटी जगदलपुर की एड्हॉक कमेटी द्वारा किये जा रहे कार्य की प्रशंसा की हैं।

एड्हॉक कमेटी अंजुमन जगदलपुर के मुतवल्ली, सदर डॉ.एस.जहीरूद्दीन ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विभागीय मंत्री विधायक किरण देव सिंह, तथा डॉ.सलीम राज, अध्यक्ष छ.ग.राज्य वक्फ बोर्ड के सहयोग से ही हम अंजुमन की वक्फ सम्पत्तियों को अतिक्रमण मुक्त कराने में सफल रहे हैं । उन्होंने इन सभी के साथ जिला प्रशासन का आभार माना हैं। उन्होंने बताया कि संगम दरगाह पहुंच मार्ग, सड़क के निर्माण हेतु किरण देव सिंह तथा डॉ.सलीम राज द्वारा 86 लाख रुपए की सहायता राज्य शासन से उपलब्ध कराई गई।



## फील्ड में जनगणना कार्य के अनुभव साझा किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करपावंड

तहसील करपावंड के अंतर्गत एकलव्य आदर्श आवासीय

- व्यवहारिक अनुभव के साथ जनगणना प्रशिक्षण का समापन

विद्यालय में प्रगणक और सुपरवाइजर के तृतीय चरण का समापन व्यवहारिक ज्ञान के साथ हुआ। प्रशिक्षण के फील्ड ट्रेनर मानसिंह भारती और पदमसिंह देवांगन के मार्गदर्शन में सभी प्रगणक और सुपरवाइजर घर घर जाकर जनगणना कार्य में पूछे जाने वाले प्रश्नों को अपने मोबाइल में एचएलओ एप में दर्ज करने का अनुभव प्राप्त हुआ। सभी प्रगणक और सुपरवाइजर ने फील्ड में आने वाली परेशानियों तथा अनुभव साझा किया। सम्पूर्ण प्रशिक्षण के कार्यक्रम अधिकारी गौतम गोरे के मार्गदर्शन में सम्पन हुआ। प्राचार्य एकलव्य विद्यालय पाण्डे का सहयोग प्राप्त हुआ।

प्रशिक्षण में गणेश मरकाम, बिंदुराम नेताम, लक्ष्मीनारायण कश्यप, शंभुराम मरकाम, मंगलूराम बघेल, होलेश्वर देवांगन, प्रदीप कुमार अविनाश कुमार, रूपेश कोठारी, होमेश पाण्डे जितेंद्र पाण्डे,, दूधनाथ देवांगन, पुन्नीदास भारद्वाज, रविकांत बैगा, मनेश सलाम, सुखदास बघेल मौजूद रहे।

## जनता पानी और मूलभूत सुविधाओं के लिए बेहाल : सुशील मौर्य

**जगदलपुर।** कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि शहर में समस्याओं का अंबार लगा है। विधायक, नगर निगम प्रशासन व महापौर को शहर की जनता से कोई सरोकार नहीं है। भीषण गर्मी पड़ रही है, शहर में पेयजल की भारी समस्या है, कई वार्डो में गंदा पानी आ रहा है। नगर निगम मूलभूत सुविधाएं सड़क, नाली, पानी उपलब्ध कराने में विफल है। अमृत मिशन योजना आज पर्यंत तक शुरू नहीं हुई पानी की आपूर्ति बाधित है। संपत्ति कर वसूली, पाइप लाइन, पार्कों का सौंदर्यीकरण, खेल मैदान, पार्कों का विकास कार्य करने की जगह महापौर व निगम सरकार जनता के हित में नहीं बल्कि स्वहित में कार्य कर रही है। शहर की जनता परेशान है और भाजपा के नेतागण कार्यक्रमों में व्यस्त है।



उन्होंने कहा नगर निगम में कमीशन प्रणाली का बोलबाला चल रहा है। जहां फाइलों की मंजूरी से लेकर अनुबंध तक अवैध वसूली की जाती है। स्वास्थ्य संबंधी खतरे शहर में बढ़ते जा रहे हैं। सफाई व्यवस्था जस की तस है शहरों में कचरे का अंबार लगा हुआ हैं, नियमित रूप से सफाई नहीं हो रही है। शहर में चल रहे निर्माण कार्यों, विशेषकर सड़क और ड्रेनेज के कामों में अनियमितता हो रहा है। काम की गुणवत्ता खराब है और कई जगहों पर सड़क निर्माण सहित अन्य कार्य आधे-अधूरे छोड़ दिए गए हैं। सड़कों की जर्जर हालत के चलते जनता और स्थानीय निवासी उड़ते धूल के गुब्बारे से परेशान है। आम जनता और खासकर बच्चों के स्वास्थ्य पर इस धूल उड़ने के चलते बुरा असर पड़ रहा है। कांग्रेस इसका पुरजोर विरोध करती है। शहर की समस्याओं का निराकरण जल्द नहीं होता है तो कांग्रेस नगर निगम व विधायक कार्यालय का घेराव करने बाध्य होगी।

## संगोष्ठी : सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव से घट रही पुस्तकों की उपयोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर लाला जगदलपुरी सेंट्रल लाइब्रेरी में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें साहित्यकारों ने सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के बीच पुस्तकों के भविष्य और उनकी

- संगोष्ठी में साहित्यकारों ने चिंता जाहिर की

उपयोगिता पर विचार-विमर्श किया। वक्ताओं ने माना कि तकनीक के इस युग में भी पुस्तकें ज्ञान, संवेदना और संस्कार की सशक्त माध्यम बनी हुई हैं।

द्वितीय चरण में रचनाकारों ने लेखन के पीछे की प्रेरणा, उद्देश्य और सृजन प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। चर्चा में यह बात उभरकर सामने आई कि



डिजिटल माध्यमों के बावजूद पुस्तकें ही विचारों की स्थायित्व और गहराई को संरक्षित करती हैं। समापन अवसर पर वामा सम्मान से खुदेजा खान को सम्मानित किया गया। वहीं उत्कृष्ट साहित्यिक कार्यों के लिए अन्य रचनाकारों को भी सम्मान किया गया। इस दौरान हिमांशु शेखर झा, मदन आचार्य, जगदीश दास, प्रकाश चन्द्र जोशी, उर्मिला आचार्य, डॉ सुषमा झा, मोहिनी ठाकुर, अनिता राज, उषा चिखलीकर, मधु कुशवाहा, कविता बिजौलिया, डॉ पूर्णिमा सरोज, स्मृति जोशी, अरुणा मुणोत, किशोर पारेख,अनिल लुकंड, अजय श्रीवास्तव, ऋषि भटनागर मौजूद थे।

महफूजा हुसैन को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। संयोजन रीमा ने किया।

## टैक्स बकायादार वाहनों को जब्त करने के लिए चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

परिवहन विभाग ने बस्तर जिले के टैक्स बकायादार वाहन मालिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की जाएगी, जिसमें विशेषकर कमर्शियल वाहनों को नोटिस भेजे जा रहे हैं। टैक्स जमा न करने पर

- टैक्स बकायादार वाहन मालिकों को आरटीओ ने दी नोटिस



पंजीकरण रद्द करने और वाहन जब्त करने की चेतावनी दी गई है। साथ ही बकाया वसूली के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। नोटिस के बाद भी टैक्स न भरने पर वाहन को जप्त करने और संपत्ति कुर्क करने की प्रक्रिया तेज कर दी जाएगी। बड़ी संख्या में ऐसे वाहन हैं, जिनके मासिक और त्रैमासिक टैक्स और ब्याज की राशि काफी अधिक है। यह राशि बड़ी संख्या में ऐसे वाहनों से संबंधित है, जो अब संचालन में नहीं हैं। हालांकि आरटीओ एवं उड़नदस्ता की टीम वाहनों की जांच की जा रही है। विभाग इस बार बकाया टैक्स वसूलने में किसी प्रकार की नरमी नहीं बरतेगा।

### बकाया टैक्स का करें भुगतान

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि वाहन मालिक किसी भी समस्या से बचने के लिए अपने नजदीकी आरटीओ दफ्तर में संपर्क करें या ऑनलाइन पोर्टल पर बकाया टैक्स जमा करें।

## पारंपरिक उत्सव से सामाजिक समरसता मजबूत होती है: सांसद महेश कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बकावंड ब्लॉक के ग्राम कोर्टा में मड़ई का आयोजन हुआ। जहां सांसद महेश कश्यप परिवार सहित शामिल हुए। उन्होंने ग्राम के आराध्य देवी-देवताओं के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-

- मड़ई में शामिल होकर सांसद ने जाना लोगों का हाल



समृद्धि, खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि ग्राम देवी-देवता बस्तर की संस्कृति के आधार स्तंभ हैं और मड़ई जैसे पारंपरिक उत्सव सामाजिक समरसता, भाईचारे और आपसी मेल-मिलाप को मजबूत करते हैं। मड़ई के दौरान पूरे गांव में उत्साह का माहौल रहा। पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज और लोक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर सांसद ने ग्रामीणों के बीच बैठकर उनकी कुशलक्षेम जानी और क्षेत्रीय विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा की। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य वनवासी मौर्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष सोनबारी भद्रे, जनपद उपाध्यक्ष तरुण पांडेय और गंजामी बघेल सहित पंच-सरपंच व अन्य नागरिक शामिल रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411